महत्वपूर्ण एवं खास

पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, गोलीबारी जारी

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा में पुलिस और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ चल रही है. जिले के घोर नक्सल प्रभावित अरनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही मुठभेड़ हो रही है. जिला पुलिस के डीआरजी के जवान सर्चिंग के लिए जंगल में निकले थे. इसी दौरान उनका सामना नक्सलियों से हुआ. बताया जा रहा है कि दोनों ओर से ताबड़तोड़ गोलीबारी हो रही है. बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों से बड़े नक्सली नेता भी घिरे हैं. नक्सलियों के बड़े नेताओं की मौजूदगी की सूचना पर ही डीआरजी के जवान तैयारी कर सर्चिंग पर निकले थे. मुठभेड़ की सूचना के बाद पुलिस व सुरक्षा बलों की बैकअप पार्टी भी तैयार कर ली गई है. दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है. सिद्धार्थ ने बताया कि ऑपरेशन अभी चल रहा है।

जंगल में पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार

बिलाईगढ़ (आरएनएस)। बिलाईगढ़ विकासखंड के सलिहा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंगनाकच्छार के जंगल में पति ने अपनी पत्नी के सिर पर टंगिया से वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद खुद मौके से फरार हो गया। शिकायत के बाद सलिहा पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह मृतिका शांति बाई साहू अपनी बहू के साथ महुआ बीनने के लिए जंगल गई हुई थी। इसी दौरान उसका पति भी वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद होना शुरू हो गया। जिसके बाद पति ने धारदार टंगिया से पत्नि के सिर पर दे मारा। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। जिसके बाद मृतिका के बहू ने आसपास लोगों को बुलाया और मृतिका को अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई लेकिन मृतिका शांति बाई दम तोड़ चुकी थी। जिसके बाद से सलिहा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी पति मिठाई लाल साहू को खोज रही है।

अरनपुर के जंगल में हुई मुठभेड़ में जवानों ने नक्सली कैंप ध्वस्त किया

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के घुर नक्सल प्रभावित अरनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीती रात जवानों को मुखबिर की दी गई पुख्ता सूचना पर रवाना किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार जवान नक्सलियों के कोर इलाके में घुस गए हैं। जहां नक्सलियों के कई बड़े कैडर्स के साथ जवानों की मुठभेड़ जारी है। डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों को दो से तीन अलग-अलग जगहों पर घेर रखा है। फिलहाल अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। डीआरजी के जवानों ने एक नक्सली कैंप ध्वस्त कर दिया गया है। दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ अभी जारी है, उन्होने बताया कि नक्सलियों को डीआरजी के जवानों ने करारा जवाब देते हुए नक्सली कैंप ध्वस्त कर दिया गया है। कैंप में मिले खून के धब्बों से एसा प्रतीत हो रहा है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ है। जवानों के वापस लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बच्चों को एलबेन्डाजोल की गोली खिलाकर

कांकेर (आरएनएस)। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज कांकेर में बच्चों को एलबेण्डाजोल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का औपचारिक शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में 02 लाख 09 हजार 450 बच्चों को कृमि नाशक गोली एलबेन्डाजोल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके ने बताया कि एक से दो वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को आधा गोली और दो से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एक गोली खिलाया जाना है।

मई माह के लिए 4140 किलोलीटर केरोसिन का आबंटन

- गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी केरोसिन देने के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत माह मई के लिए केरोसिन का आबंटन जारी कर दिया गया है। जारी निर्देश में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसिन प्रदाय करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली से वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही के लिए प्राप्त केरोसिन आबंटन में से 4 हजार 140 किलोलीटर केरोसिन का छत्तीसगढ़ खाद्य एवं सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो एवं हॉकर्स के लिए उचित मूल्य दुकानवार ऑनलाईन आबंटन जारी हुआ है।

खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित समस्त अंत्योदय एवं प्राथमिक वाले राशनकार्डों को केरोसिन की पात्रता होगी। नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों के लिए अधिकतम 2 लीटर केरोसिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्ड धारियों को अधिकतम 3 लीटर व गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन की पात्रता होगी। विभाग द्वारा दर्ज हॉकर्स की जानकारी के आधार पर प्रति हॉकर 85 लीटर के मान से पृथक से आबंटन जारी किया गया है। पत्र में जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य दुकान के समक्ष खड़े होकर हॉकर्स से राशनकार्ड धारियों को केरोसिन वितरित करने को कहा गया है। उचित मूल्य दुकानों तथा हॉकर्स के लिए जिलेवार केरोसिन का आबंटन इस प्रकार हैं-

बस्तर जिले के लिए 156 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 153.54 तथा हॉकर के लिए 2.46 किलोलीटर शामिल है। इसी प्रकार बीजापुर जिले के लिए 60 किलोलीटर, दंतेवाड़ा जिले के लिए 60 किलोलीटर और कांकेर जिले के लिए 132 किलोलीटर, कोण्डागांव जिले के लिए 108 किलोलीटर, नारायणपुर जिले के लिए 24 किलोलीटर, सुकमा के लिए 72 किलोलीटर, बिलासपुर के लिए 228 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 208.7 तथा हॉकर के लिए 19.3 किलोलीटर शामिल हैं। इसी प्रकार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के लिए 48 किलोलीटर, कोरबा जिले के लिए 132 किलोलीटर, बेमेतरा जिले के लिए 108 किलोलीटर, दुर्ग के लिए 144 किलोलीटर, राजनांदगांव के लिए 288 किलोलीटर, धमतरी के लिए 84 किलोलीटर, गरियाबंद के लिए 312 किलोलीटर, रायपुर के लिए 216 किलोलीटर, बलरामपुर के लिए 156 किलोलीटर का आबंटन किया गया है।

इसी प्रकार जांजगीर-चांपा के लिए 216 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 214.47 तथा हॉकर के लिए 1.53 किलोलीटर शामिल हैं। मुंगेली जिले के लिए 108 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 106.56 तथा हॉकर के लिए 1.44 किलोलीटर शामिल हैं। रायगढ़ जिले के लिए 312 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 308.01 तथा हॉकर के लिए 399 किलोलीटर शामिल हैं। बालोद जिले के लिए 84 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 82.9 तथा हॉकर के लिए 1.1 किलोलीटर और कवर्धा जिले के लिए 120 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 114.9 तथा हॉकर के लिए 5.1 किलोलीटर शामिल हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए 156 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 145.2 तथा हॉकर के लिए 10.8 किलोलीटर, महासमुंद के लिए 132 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 131.91 तथा हॉकर के लिए 0.09 किलोलीटर शामिल हैं। इसी प्रकार जशपुर जिले के लिए 180 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 178.64 तथा हॉकर के लिए 1.36 किलोलीटर, कोरिया जिले के लिए 120 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 119.15 तथा हॉकर के लिए 0.85 किलोलीटर, सरगुजा जिले के लिए 204 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 201.54 तथा हॉकर के लिए 2.46 किलोलीटर और सूरजपुर जिले के लिए 180 किलोलीटर इसमें पीडीएस के लिए 179.07 तथा हॉकर के लिए 0.93 किलोलीटर केरोसिन शामिल हैं।

जेनेरिक दवा की अनिवार्यता पर केंद्र व राज्य शासन को हाई कोर्ट ने दिया नोटिस

कोरबा। सरकारी और निजी अस्पतालों के चिकित्सक जेनेरिक दवाएं नहीं लिख रहे हैं। इसकी वजह से मध्यम व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को महंगी ब्रांडेड दवा खरीदनी पड़ रही है। कोरबा के रहने वाले आरटीआइ कार्यकर्ता लक्ष्मी चौहान ने जेनेरिक दवाइयों की अनिवार्यता को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी व जस्टिस आरसीएस सामंत की डिवीजन बेंच ने केंद्र व राज्य शासन को नोटिस जारी कर 10 सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।

अधिवक्ता संजय अग्रवाल के माध्यम से दायर जनहित याचिका में बताया गया है कि केंद्र सरकार के निर्देश पर मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया ने 2016 में चिकित्सकों को जेनेरिक दवा की अनिवार्यता के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए थे। इसके बाद 21 अप्रैल 2017 को नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसके अनुसार सभी शासकीय और निजी अस्पताल के चिकित्सकों को सिर्फ जेनेरिक दवा ही लिखना है। इसके साथ ही जेनेरिक दवा उपयोग करने के भी निर्देश हैं। इसके बाद भी राज्य के सरकारी और प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सक मरीजों को जेनेरिक दवा नहीं लिख रहे हैं। याचिका में छत्तीसगढ़ में जेनेरिक दवा को अनिवार्य करते हुए राज्य शासन को आदेशित करने की मांग की गई है।

याचिका में बताया गया है कि एमसीआइ के नोटिफिकेशन के अनुसार डाक्टर को अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में सिर्फ जेनेरिक दवाओं का नाम ही लिखना है। लेकिन, प्रदेश में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। याचिका में गाइडलाइन का पालन कराने को कहा गया है। याचिकाकर्ता लक्ष्मी चौहान ने बताया है कि मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया ने नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया है कि जेनेरिक दवा का नाम नहीं लिखना पेशेवर कदाचरण, शिष्टाचार नैतिकता नियम 2002 के खिलाफ है। लिहाजा, इस तरह से कदाचरण करने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई की जाए और उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए। ताकि, मेडिकल काउंसिल के दिशानिर्देशों का पालन हो सके। याचिकाकर्ता चौहान का कहना है कि जेनेरिक दवा काफी सस्ती है जबकि, ब्रांडेड कंपनी की दवा काफी महंगी है। ऐसे में चिकित्सकों की मनमानी और नियमों के पालन नहीं करने के कारण प्रदेश की गरीब जनता को सस्ती दवा के बजाय महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है। उनका आरोप है कि चिकित्सकों को ब्रांडेड कंपनी की दवाइयां लिखने के लिए कमीशन मिलता है।

जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सह निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति हुई

कोरबा। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के चुनाव वर्ष 2022-24 के चुनाव प्रकिया में मुख्य निर्वाचन अधिकारी आशीष खेतान व संयुक्त निर्वाचन अधिकारी कैलाश अग्रवाल, निर्वाचन अधिकारी के रूप में अखिलेश अग्रवाल, नूतनसिंह ठाकुर, मधु पाण्डेय, राज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल की नियुक्ति की गई है। आगे की चुनाव प्रकिया इनके द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी। चेम्बर भवन व कार्यालय को चुनाव कार्यालय के रूप मे चयनित किया गया है।

20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

कोरबा। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक अभीषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के निर्देशन में 05 मई 2022 को उरगा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम तिलकेजा में रामनाथ जायसवाल नामक व्यक्ति अपने कब्जे में अधीक मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब रखा है कि सूचना पर थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक राजेश जांगडे के द्वारा तत्काल प्र आर-635 राम कुमार उईके एवं आरक्षक 854 राहुल बघेल, आर 747 प्रदीप राठौर, आर 558 कौशल प्रसाद एवं आर 585 राज कुमार साहू की टीम को मौके पर रवाना किये। जो गवाह के साथ घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये जो ग्राम तिलकेजा में जालापारा मंदिर के पास खूला स्थान में आरोपी रामनाथ जायसवाल के पेश करने पर 20 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती लगभग 2000 रूपये मिला।

जिसे मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर आरोपी को मौके पर ही विधिवत गिरफ्तार किया गया । मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34/2, आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक राजेश जांगडे के नेतृत्व में प्र आर 635 राम कुमार उईके एवं आरक्षक 854 राहुल बघेल, आर 747 प्रदीप राठौर, आर 558 कौशल प्रसाद एवं आर 585 राज कुमार साहू की सराहनीय भूमिका रही।

कोरबा की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए आचार, पापड़, साबुन के सामने बड़ी कंपनियों के उत्पाद फीके

- इमली और बेर के स्वादिष्ट चटपटे आचार भी बना रही महिलाएं

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले की ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे आचार, पापड, मसाले, साबुन एवं अन्य खाने-पीने के सामानों के स्वाद के सामने बड़ी कंपनियों के उत्पाद फीके नजर आ रहे हैं। ग्रामीण महिलाएं स्वसहायता समूह के माध्यम से जुडक़र विभिन्न उत्पादों के निर्माण में लगी हुई हैं। महिलाओं को समूह के माध्यम से स्थानीय स्तर पर एक ओर रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों को खाने-पीने के बेहतर और स्वादिष्ट सामान उपलब्ध हो रहे हैं। विकासखण्ड कटघोरा के अंतर्गत जननी महिला संकुल संगठन धंवईपुर से जुड़ी विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाएं रोजगार सृजन के साथ विभिन्न प्रकार के उत्पाद निर्माण में लगे हुए हैं। क्लस्टर के अंतर्गत मां दंतेश्वरी महिला स्व सहायता समूह जेन्जरा द्वारा आत्मनिर्भरता व महिला सशक्तीकरण का उदाहरण पेश करते हुए मसाला निर्माण का काम किए जा रहे हैं। जिसमे समूह से जुड़ी 10 महिलाएं विभिन्न प्रकार के मसाले शुद्ध रूप से अपने हाथों से तैयार कर रहीं है। इन मसालों में दादी-नानी के हाथों से तैयार मसालों जैसे बेहतर, स्वादिष्ट स्वाद तथा अपनापन है। समूह की महिलाओं द्वारा सामुदायिक निधि के माध्यम से यह कार्य किये जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा उत्पादित सामानों की मांग लगातार बनी हुई है जिससे महिलाओं में उत्साह व्याप्त है।

जननीसंकुलसंगठन कीमहिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आचार आम ,नींबू,करौंदा,लहसुन,अदरक, कटहल, मिर्च व सब्जियों के आचार तैयार किये जा रहे है। साथ ही इमली, बेर के भी आचार बनाए जा रहे है। महिलाओं द्वारा बनाए सामानों का स्वाद बेहतर होने के कारण बाजार में आचार-मसालों की अच्छी खपत होती है। संकुल के माध्यम से महिलाओं ने पिछले वर्ष 20 हजार रुपए से अधिक के आचार बेचे थे। महिलाओं ने बताया कि इस वर्ष भी अच्छी आय की संभावना है। सामानों को स्थानीय बाजारों के साथ बिहान प्लाजा कोरबा के माध्यम से भी बेचे जा रहे हैं।

तेंदूपत्ता के लिए जंगल गई महिला संग्राहक पर भालू ने किया हमला

कोरबा। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य वनमंडल कोरबा में शुरू हो गई है। इसके लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे हैं। साथ ही वन्य प्राणियों के हमले का शिकार भी हो रहे हैं। आज सुबह करतला रेंज के नोनदरहा जंगल में वन्य प्राणी भालू के हमले में तेंदूपत्ता संग्राहक एक महिला घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार दर्रीडीही नोनदरहा निवासी मानकुंवर पति धनीराम राठिया उम्र 50 वर्ष आज सुबह जंगल में तेंदूपत्ता तोडऩे कक्ष क्रमांक पीएफ.1153 में परिवार के अन्य लोगों के साथ गई हुई थी। अभी कुछ दूर अलग होकर एक पेड़ से तेंदूपत्ता तोडक़र संग्रहण कर रही थी। इसी दौरान जंगल में छिपे एक खूंखार भालू से उसका सामना हो गया। भालू ने महिला पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। भालू ने उसके बांए हाथ के बड़े हिस्से को काट खाया है। महिला द्वारा मदद के लिए गुहार लगाए जाने पर पास में ही मौजूद उसके परिवार के अन्य लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और किसी तरह भालू को भगाकर वन विभाग को घटना की जानकारी दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और संजीवनी 108 को बुलाकर घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करतला भिजवाया। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। वन विभाग द्वारा घायल महिला के उपचार के लिए तत्कालिक सहायता राशि रुपए 500 उपलब्ध करा दी गई है। रेंजर राजेश चौहान के मुताबिक वन्य प्राणी के हमले में घायल महिला के उपचार का संपूर्ण खर्च विभाग वहन करेगा सो उसके परिजनों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा कराने को कहा गया है। याद रहे कोरबा वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य गुरुवार 5 मई से प्रारंभ हुआ है। वनमंडल को इस वर्ष 53 हजार 200 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस कार्य में 38 समितियां लगी हुई हैं। पहले दिन 255 मानक बोरा का संग्रहण किया गया।

एसईसीएल केन्द्रीय चिकित्सालय में छज्जा गिरा, कार को हुआ नुकसान

कोरबा। यहां के एसईसीएल केन्द्रीय चिकित्सालय के एक हिस्से में छज्जा गिरने की घटना में एक कार को काफी नुकसान हुआ। गनिमत यह रही कि घटना स्थल के आसपास अस्पताल के कर्मी मौजूद नहीं थे, वरना दिक्कतें बढ़ सकती थी। अस्पताल प्रबंधन ने कार को हुए नुकसान की भरपायी करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह 10 बजे के आसपास सीजीएम कार्यालय जाने वाले रास्ते पर स्थित एसईसीएल के केन्द्रीय चिकित्सालय के कोविड वार्ड वाले हिस्से में यह घटना हुई। दो वर्ष पहले कोविड की स्थिति को देखते हुए मरीजों के उपचार के लिए यहां पर कोविड वार्ड बनाया गया था। काफी लोगों को यहां पर लाभ दिया गया। स्थिति सामान्य होने के बाद से यह सामान्य हो गया। बताया गया कि इस हिस्से में अस्पताल के वाहन चालक कुछ देर के लिए आराम किया करते थे। आज सुबह यहां पर कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं था। इस दरम्यान एकाएक छज्जा वाला हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा। इसकी आवाज सुनकर चिकित्सक और कर्मी सहित उपचार कराने पहुंचे लोग सख्ते में आ गए। उन्होंने फौरी तौर पर यहां उपस्थिति दर्ज करायी तो नजारे को देख उनकी आखें खुली की खुली रह गई। यहां पर देखने को मिला की पास में खड़ी डिजायर कार संख्या सीजी 12 एएस 9900 के पीछे का सीसा पूरी तरह टूट गया। घटना के दौरान और कोई जनहानि न होने से अस्पताल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। माना जा रहा है कि कोविड वार्ड का छज्जा निश्चित रूप से कमजोर रहा होगा। दिन पूरे होने के साथ आज इसका समापन हो गया।

बताया गया कि जिस कार को नुकसान हुआ है वह औषधि प्रशासन विभाग के एक निरीक्षक की बतायी जा रही है। वह विभागीय काम के लिए यहां पहुंचा था। उसने कार को कोविड वार्ड की तरफ खड़ा किया था, जिसका पीछे का हिस्सा घटना में प्रभावित हो गया। इसे लेकर उसके द्वारा काफी हो हल्ला मचाया गया। खबर के अनुसार मामले की जानकारी होने पर अस्पताल प्रबंधन ने वाहन का सुधार कराना तय किया है। इसी के साथ विवाद समाप्त हो गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांविधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विस्तृत कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्बन्ध उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU